# न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बेरमों (तेनुघाट)।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(क) के अंतर्गत

**परमिशन वाद संख्या 64**

**वर्ष 2015**

आवेदक– दशाराम माँझी
ग्राम – टीकाहारा
थाना – महुआंटांड जिला–बोकारो

क्रेता– आसीन माँझी
ग्राम – पुटकाडीह
थाना –महुंआटांड जिला– बोकारो

| की क्र0 तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ। 03 |
|---|---|---|

## आदेश

यह वाद आवेदक– दशाराम माँझी पिता स्व0 एतवा माँझी ग्राम–टीकाहारा थाना– महुआंटांड जिला–बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(क) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवत:–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट न0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टीकाहारा | 137 | 10 | 439 | 8.18 डी0 | 22 डी0 | टाँड कृषि योग्य |

को वे अपना बीमारी के ईलाज हेतु मो0 1,24,000/–(एक लाख चौबीस हजार) रूपये में क्रेता– आसीन माँझी पिता स्व0 मिरूलाल माँझी ग्राम टीकाहारा टोला कसियाडीह थाना–महुंआटांड जिला– बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(क) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत किया गया तथा इस कार्यालय के पत्रांक 401/रा0 दिनांक 27.07.2016 के माध्यम से अंचल अधिकारी, गोमिया से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, गोमिया के पत्रांक 1059 दिनांक 21.11.2016 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि:–

01. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों संताल जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जन जाति के अंतर्गत आते हैं। बिक्रेता ग्राम टीकाहारा थाना–महुंआटांड जिला बोकारो एवं क्रेता ग्राम–टीकाहारा टोला कसियाडीह थाना–महुंआटॉड जिला–बोकारो का निवासी हैं।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि का खतियान जटा मांझी के नाम से दर्ज है एवं उक्त जमीन की जमाबन्दी पंजी–II में जटा माँझी के नाम से चल रही है तथा वर्ष 2006–07 तक लगान रसीद निर्गत है। बिकेता को यह भूमि आपसी बैंटवारा द्वारा हासिल है।
03. आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की जमीन है तथा उसपर बिक्रेता का दखल कब्जा है।
04. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र, से बाहर है।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता दशाराम माँझी के

c-c Issued 08/7/17

द्वारा अपने ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन जटा मॉझी के नाम खतियान जमीन है तथा उक्त जमीन की जमाबन्दी पंजी–II में जटा मॉझी के नाम से ही चल रही है। उक्त जमाबन्दी में वर्ष 2006–07 तक लगान रसीद निर्गत है। बिक्री वाली जमीन उनके हिस्से की है जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखा है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं है, तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं:–

01. विक्रेता– जटा मॉझी के नाम सर्वे खतियान की छायाप्रति तथा सरकारी लगान रसीद की छायाप्रति ।

02. क्रेता– स्वयं के नाम सरकारी लगान रसीद की छायाप्रति।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी गोमिया से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि उभय पक्ष संताल जाति के हैं, जो अनुसूचित जन जाति के अंतर्गत आते हैं तथा बिकेता ग्राम, टीकाहारा तथा केता ग्राम पुटकाडीह एक ही थाना एवं जिलान्तर्गत निवास करने वाले हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की खतियानी जमीन है, जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः आवेदक– दशाराम मॉझी पिता स्व0 एवता मॉझी ग्राम–टीकाहारा थाना– महुंआटॉड जिला– बोकारो को निम्नांकित भूमि :–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न 0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | उत्तर सीमा | दक्षिण सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टीकाहारा 137 | 10 | 439 | 8.18 डी0 | 22 डी0 | नीज दशाराम मॉझी | बुधन मॉझी | नीज दशाराम मॉझी | आसीन मॉझी वाके |
| ***कुल 22 ( बाइस) डीस्मिल मात्र।*** | | | | | | | | |

मो0 1,30,000/– (एक लाख तीस हजार ) रूपए या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता– आसीन मॉझी पिता स्व0 मिरूलाल मॉझी ग्राम टीकाहारा टोला कसियाडीह थाना–महुंआटॉड जिला–बोकारो को बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित

10/06/12

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

10/06/12

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

Digitally signed by MUKESH MACHHUWA
Date: 2025.01.15 07:02:23 -08:00
Location: 192.168.1.35